न्यायालय उपखण्ड अधिकारी कपासन, जिला चित्तौड़गढ़

पीठासीन अधिकारी– विनोद कुमार (आर.ए.एस.)

प्रकरण संख्या	दायर दिनांक	निर्णय दिनांक
65/2022	09.05.2022	21.06.2022

अनवान

1. कंकुबाई पत्नी उंकार जाति कुम्हार आयु वयस्क निवासी कपासन तहसील कपासन जिला चित्तौडगढ।
2. प्रकाश पिता उंकार जाति कुम्हार आयु वयस्क निवासी कपासन तहसील कपासन जिला चित्तौडगढ।
3. रतन पिता उंकार जाति कुम्हार आयु वयस्क निवासी कपासन तहसील कपासन जिला चित्तौडगढ।
4. सुरेश पिता उंकार जाति कुम्हार आयु वयस्क निवासी कपासन तहसील कपासन जिला चित्तौडगढ।

प्रार्थीगण

बनाम

1. प्रमोद कुमार पिता रामचन्द्र जाति बारेगामा आयु वयस्क निवासी कपासन तहसील कपासन जिला चित्तौडगढ।
2. शंकरलाल पिता नगजीराम जाति प्रजापत आयु वयस्क निवासी कपासन तहसील कपासन जिला चित्तौडगढ। (विलोपित)
3. रफीक पिता उस्मान जाति मुसलमान आयु वयस्क निवासी कपासन तहसील कपासन जिला चित्तौडगढ।
4. आशिष पिता भवानीशंकर जाति सोनी आयु वयस्क निवासी कपासन तहसील कपासन जिला चित्तौडगढ।
5. घनश्याम पिता शांलिगराम जाति सोनी आयु वयस्क निवासी कपासन तहसील कपासन जिला चित्तौडगढ।
6. जाकीर हुसैन पिता मोहम्मद ईस्ताईल जाति अंसारी आयु वयस्क निवासी कपासन तहसील कपासन जिला चित्तौडगढ।
7. मकबूल अहमद पिता मोहम्मद ईस्ताईल जाति अंसारी आयु वयस्क निवासी कपासन तहसील कपासन जिला चित्तौडगढ।
8. ममता पत्नी भुपेशकुमार जाति सोनी आयु वयस्क निवासी कपासन तहसील कपासन जिला चित्तौडगढ। (विलोपित)
9. रमेशचन्द्र पिता बालुदास जाति वैरागी आयु वयस्क निवासी कपासन तहसील कपासन जिला चित्तौडगढ।
10. सुरेशचन्द्र पिता बालुदास जाति वैरागी आयु वयस्क निवासी कपासन तहसील कपासन जिला चित्तौडगढ।
11. बालमुकुन्द पिता श्यामसुन्दर जाति आयु वयस्क निवासी कपासन तहसील कपासन जिला चित्तौडगढ।
12. रामचन्द्र पिता नाथुलाल जाति गौड आयु वयस्क निवासी कपासन तहसील कपासन जिला चित्तौडगढ।
13. जानकीलाल पिता गोरधन लाल जाति महाजन आयु वयस्क निवासी कपासन तहसील कपासन जिला चित्तौडगढ।

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official
Signature Not Verified
Digitally signed by Vinod Kumar
Date: 2022.08.17 12:28:06 IST
Reason: SelfAttested

14. घनश्याम लाल पिता मोतीलाल जाति ब्राहम्ण आयु वयस्क निवासी कपासन तहसील कपासन जिला चित्तौडगढ।
15. बदरूनबेगम पत्नी मोहम्मदयुसुफ जाति तुर्किया (मोमीन) आयु वयस्क निवासी कपासन तहसील कपासन जिला चित्तौडगढ।
16. रेखा पत्नी गोपाल लाल जाति भट आयु वयस्क निवासी कपासन तहसील कपासन जिला चित्तौडगढ।
17. ललीत टांक पिता देवीलाल जाति टांक आयु वयस्क निवासी कपासन तहसील कपासन जिला चित्तौडगढ।
18. चान्दमल पिता बालु जाति कुम्हार आयु वयस्क निवासी कपासन तहसील कपासन जिला चित्तौडगढ।
19. सुरेशचन्द्र पिता बालु जाति कुम्हार आयु वयस्क निवासी कपासन तहसील कपासन जिला चित्तौडगढ।
20. रमेश पिता जवाहरमल जाति कुम्हार आयु वयस्क निवासी कपासन तहसील कपासन जिला चित्तौडगढ।
21. मदन पिता जवाहरमल जाति कुम्हार आयु वयस्क निवासी कपासन तहसील कपासन जिला चित्तौडगढ।
22. झमकु पिता जवाहरमल जाति कुम्हार आयु वयस्क निवासी कपासन तहसील कपासन जिला चित्तौडगढ।
23. उंकार पिता भुरालाल जाति कुम्हार आयु वयस्क निवासी कपासन तहसील कपासन जिला चित्तौडगढ।

अप्राथीगण

उपस्थितिः– अधिवक्ता श्री गोपाल दाधीच — प्रार्थीगण

एक तरफा — अप्रार्थीगण

–:: प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 128 राज0 भू–राजस्व अधिनियम::–

–:: निर्णय ::–

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

संक्षेप में विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थीगण ने अप्रार्थीगण के विरूद्ध प्रार्थनापत्र अन्तर्गत धारा 128 राज0 भू–राजस्व अधिनियम, 1956 प्रस्तुत कर निवेदन किया कि मौजा कपासन पटवार हल्का कपासनए तहसील कपासन जिला चित्तौडगढ की जमाबंदी संवत् 2074–2077 के खाता संख्या 1277 की अभिलिखित आराजीयात आराजी संख्या 2324, 5411, 5414, 5415, 5416, 5417, 5418, 5419, 5420, 6942/5444 कुल किता 10 कुल रकबा 3.61 है0 तथा खाता संख्या 1276 के आराजी संख्या 2848, 7223/2846 कुल किता 2 कुल रकबा 0.04 है0 प्रार्थीगण की संयुक्त खातेदारी एवं कब्जे काश्त की है, और अप्रार्थीगण आराजियात जैर–बहस के पडौसी खाते[illegible]गण की आराजियात के बीच कोई स्थाई सीमा चिन्ह नहीं होने [illegible] विवाद होता रहता है अतः प्रार्थीगण की खातेदारी की [illegible] अनुसार नपती की जाकर मौके पर स्थाई सीमा–चिन्ह स्थापित [illegible] जावे। प्रार्थीगण वर्णित भूमि के खातेदार काश्तकार है।

Signature Not Verified
Digitally signed by Vinod Kumar
Date: 2022.08.17 12:28:06 IST
Reason: SelfAttested

इस पर प्रार्थीगण के प्रार्थना पत्र को दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थीगण को जरिये नोटिस तलब किया गया। आज दिनांक 21.06.2022 को अप्रार्थी संख्या 1 व 3 से 7 व 9 से 21 के बाजवूद सूचना के हाजिर नहीं आने से उक्त अप्रार्थीगण के विरूद्ध कार्यवाही एक तरफा किये जाने का आदेश दिया गया। अप्रार्थी संख्या 2 स्वयं हाजिर। हाजिर होकर कोई आपत्ति जाहिर नहीं की। और

अप्रार्थी संख्या 8 के विरूद्ध कार्यवाही नहीं चाही। कार्यवाही ड्राप की जाती है। हाजिर वकील प्रार्थीगण द्वारा प्रकरण का निस्तारण आज ही किये जाने की ईश्तदुआ की गई। हाजिर वकील प्रार्थीगण द्वारा की गई बहस प्रार्थना पत्र को एक तरफा सुना गया। हाजिर वकील प्रार्थीगण द्वारा निवेदन किया गया कि मामला पत्थरगढी का है व प्रार्थीगण अपनी आराजीयात की पत्थरगढी कराना चाहते है, अतः प्रार्थना पत्र स्वीकार फरमाया जावें। हमने प्रार्थना पत्र का अवलोकन किया। चिंतन मनन किया एवं पत्रावली को वास्ते आदेश नियत किया गया।

हमने पत्रावली का आद्यौपान्त अवलोकन किया। प्रार्थीगण की ओर से प्रस्तुत राजस्व अभिलेख नकल जमाबन्दी का अवलोकन किया गया। प्रकरण के तथ्यों व बहस पर मनन किया। प्रार्थीगण आराजियात जैरबहस के खातेदार काश्तकार हो कर इन्हें आराजीयात जैर–बहस की नपती करा सीमांकन (पत्थरगढी) कराने का अधिकार निहित है। उपर्युक्त विवेचन के क्रम मे प्रार्थीगण प्रार्थना पत्र में अंकित भूमि के खातेदार सह काश्तकार होने से सीमाज्ञान कराने के अधिकारी होने से प्रार्थना पत्र अर्न्तगत धारा 128 राज0 भू–राजस्व अधिनियम, 1956 स्वीकार किया जाता है तथा तहसीलदार कपासन को सीमांकन (पत्थरगढी) कराने का आदेश दिया जाता है। तहसीलदार कपासन को आदेश दिया जाता है कि मौजा कपासन पटवार हल्का कपासनए तहसील कपासन जिला चित्तौडगढ की जमाबंदी संवत् 2074–2077 के खाता संख्या 1277 की अभिलिखित आराजीयात आराजी संख्या 2324, 5411, 5414, 5415, 5416, 5417, 5418, 5419, 5420, 6942/5444 कुल किता 10 कुल रकबा 3.61 है0 तथा खाता संख्या 1276 के आराजी संख्या 2848, 7223/2846 कुल किता 2 कुल रकबा 0.04 है0 कृषि भूमि फरीकेन मुकदमा को सूचित किया जाकर उनकी उपस्थिति में कब्जे में बिना किसी भी प्रकार से हस्तक्षेप किये व किसी न्यायालय का स्थगन न हो तो एवं मौके पर फसल खडी न हो तो बन्दोबस्ती नक्शे अनुसार नपती की जाकर सीमा चिन्ह स्थापित कर सीमांकन (पत्थरगढी) किया जावे एवं पर्चा मौका एवं मौका नक्शा 15 दिवस में इस न्यायालय में प्रस्तुत करे। सीमांकन (पत्थरगढी) हेतु तहसीलदार कपासन को 1000/– रूपये शुल्क पर मौका कमिश्नर नियुक्त किया जाता है, कमिश्नरी शुल्क का रिकार्ड विधिवत संधारित किया जाकर पालना रिपोर्ट मय पर्चा मौका आगामी 15 दिवस में आवश्यक रूप से पेश करे तथा कमिश्नरी फीस प्रार्थीगण से मौके पर प्राप्त करें। तहसीलदार कपासन को तहरीर जारी करे।

पत्रावली की निर्णित इन्द्राज की जाकर बाद आवश्यक कार्यवाही अभिलेखागार में भिजवाई जावें। निर्णय आज दिनांक 21.06.2022 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(विनोद कुमार)
उपखण्ड अधिकारी
कपासन

Signature Not Verified
Digitally signed by Vinod Kumar
Date: 2022.08.17 12:28:06 IST
Reason: SelfAttested

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official